ACE/NO/Gen/23-24/104 15/5/2024

दैनिक भास्कर जोधपुर 15-05-2024

JNVU : माइग्रेशन सर्टिफिकेट के लिए होगा ऑनलाइन अप्लाई

स्टूडेंट्स को घर बैठे डाक से माइग्रेशन मिल सकेंगे, 16 मई से होगी शुरुआत

एजुकेशन रिपोर्टर | जोधपुर

जयनारायण व्यास यूनिवर्सिटी में अब स्टूडेंट्स को माइग्रेशन सर्टिफिकेट के लिए कतारों से मुक्ति मिल पाएगी। अब माइग्रेशन के लिए ऑनलाइन अप्लाई किया जा सकेगा। इसके बाद में घर बैठे डाक से माइग्रेशन सर्टिफिकेट मिल पाएंगे। विधिवत रूप से 16 मई से ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. ज्ञानसिंह शेखावत ने बताया कि माइग्रेशन के लिए स्टूडेंट विवि की ऑफिशियल वेबसाइट पर ऑनलाइन सिंगल विंडो एप्लीकेशन फॉर्म में अप्लाई कर पाएंगे। इसमें स्टूडेंट को फॉर्म में आवश्यक जानकारी भरनी होगी। इसके बाद में मार्कशीट्स और आईडी प्रूफ की कॉपी भी अपलोड करनी होगी। इस प्रक्रिया के बाद में ऑनलाइन फीस भर दी जाएगी। इसके साथ ही स्टूडेंट को एक ऑप्शन दिया जाएगा कि डाक से माइग्रेशन लेना या फिर स्वयं आकर लेना है। इसके आधार पर डाक शुल्क अतिरिक्त चुकाना होगा। इस सुविधा से डाक से माइग्रेशन घर पर पहुंच जाएगा। माइग्रेशन संबंधी विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्तों की जानकारी विवि की वेबसाइट पर भी दी गई है।

ऑनलाइन आवेदन ही होंगे

प्रो. शेखावत ने बताया कि ऑनलाइन सिस्टम लागू होने के बाद में अब माइग्रेशन के लिए ऑफलाइन सुविधा नहीं रहेगी। स्टूडेंट को ऑनलाइन ही अप्लाई करना होगा। उन्होंने बताया कि आगामी चरण में कैरेक्टर सर्टिफिकेट आदि को भी ऑनलाइन करने की तैयारी की जा रही है।

Forward to Shailendra Singh ji NB/WB

15/5/24